**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.1169**

**10 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**मल-जल और सेप्टेज प्रबंधन**

**1169 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में विजयवाड़ा शहर के लिए 40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मल-जल और सेप्टेज प्रबंधन संबंधी परियोजना कब तक पूरी की जाने के लिए प्रस्तावित की गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि यह परियोजना अब भी चल रही है;

(ग) यदि हाँ, तो विलंब के क्या कारण हैं और यह परियोजना कब तक पूरी हो जाएगी; और

(घ) क्या इस परियोजना की लागत और समय में कोई वृद्धि हुई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसे 25 जून 2015 को देश भर के चयनित 500 शहरों (अब 15 विलय किए गए शहरों सहित 485 शहर) और नगरों में शुरू किया गया था। अमृत के तहत, विजयवाड़ा शहर में 39.88 करोड़ रु. की लागत वाली एक सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरू की गई है। राज्य ने सूचना दी है कि परियोजना का कार्य मई 2018 में शुरू हुआ था। हालाँकि, कोविड-19 महामारी, अदालती मामलों आदि के कारण कार्य में विलम्ब हुआ। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, परियोजना की भौतिक प्रगति 98% है। 47.60 किलोमीटर सीवर पाइपलाइन नेटवर्क का कार्य पूरा हो चुका है और परिवारों को 9257 हाउस सर्विस कनेक्शन दिए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा सूचना के अनुसार, परियोजना की लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है तथा परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि मार्च 2025 है।

उपर्युक्त के अलावा, 01 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई अमृत 2.0 योजना के तहत, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने विजयवाड़ा शहर में अब तक 265.15 करोड़ रुपये की लागत वाली 6 सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं को अनुमोदित किया है, जिसमें 40 करोड़ रुपये की लागत वाली एक सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शामिल है। सीवरेज/सेप्टेज प्रबंधन परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

*****